भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi Ka Amrit Mahotsav

G20 भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 08.08.2023

शहीद भगत सिंह क्लब परिसर में महाप्रबंधक ने किया वृक्षारोपण एवं निरीक्षण।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 08.08.2023 को वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत शहीद भगत सिंह पर्यवेक्षक विश्राम गृह परिसर में महाप्रबंधक श्री पी के मिश्रा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ ऑवला, अमरूद और सागौन के 200 पेड़ों का रोपण किया एवं क्लब परिसर में रोपित पोधों के संरक्षण के लिए क्लब के पदाधिकारियों ने गोद लिया एवं 500 पेड़ों का रोपण कार्य सेण्ट्रल पार्क के पास किया गया। आज कुल 1000 फलदार एवं छायादार का पेड़ों का रोपण किया।

यह वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रधान मुख्य अभियंता श्री राजेश अग्रवाल एवं शहीद भगत सिंह पर्यवेक्षक विश्राम गृह के प्रसीडेण्ट एवं मुख्य गुणवत्ता प्रबंधक श्री के एम पासी के दिशा निर्देशन में किया गया। अधिकारियों , पर्यवेक्षकों एवं यूनियनों के प्रतिनिधियों ने पौधों के रोपण का कार्य किया। अभी तक इस वर्ष आरेडिका परिसर में 25500 पौधों का रोपण किया जा चुका है।

महाप्रबंधक महोदय, ने शहीद भगत सिंह क्लब परिसर का निरीक्षण किया एवं क्लब की सुविधाओं की जानकारी ली। आरेडिका में पड़ी खाली जगह को चिन्हित कर वृक्षारोपण के लिए तैयार करने तथा वृक्षारोपण के कार्य का सुझाव दिया।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री एस एस कलसी, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री राजीव खण्डेलवाल प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता श्री हरीश चंद्र प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री अमर नाथ दूबे, प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री एम के शकरवाल, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री रमेश चंद्र सहित उच्च अधिकारीगण, क्लब के पदाधिकारियों एवं यूनियनों के प्रतिनिधियों ने वृक्षारोपण में सहभागिता की।

08/8/2023

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी